# सप्तदश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-26.02.2021 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | श्री नीतीश मिश्रा, स०वि०स० | "गाँव की पहरेदारी, निगरानी एवं गुप्त अपराध प्रवृति की जानकारी देने के निहितार्थ चौकीदार / दफादार की नियुक्ति की जाती है । उनके कमजोर आर्थिक स्थिति एवं दक्ष कार्य प्रणाली को देखते हुए पूर्ववर्त्ती सरकार ने इन्हें चतुर्थ वर्गीय सरकारी कर्मचारी का दर्जा देकर सराहनीय कार्य किया है । अन्य कर्मचारी की तरह मृत्यु के उपरान्त इनके आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नौकरी देने का प्रावधान किया गया है । अक्सर ऐसा देखा गया है कि चौकीदार / दफादार के आश्रितों के आवेदन बहुत दिनों तक साल दर साल लम्बित रखे जाने की प्रवृति प्राय: हर जिला में देखने को मिलती है । समय पर अनुकम्पा आधारित आश्रितों की नियुक्ति न होने से गाँव असुरक्षित सा लगता है । सरकार द्वारा इनकी नियुक्ति समय-सीमा के अंदर करने के लिए समुचित प्रावधान करना आवश्यक है ।<br><br>अत: चौकीदार / दफादार के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति नियत समय पर करने हेतु मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।" | गृह |

| | | |
|---|---|---|
| श्री भाई वीरेन्द्र, स०वि०स० <br> श्री आलोक कुमार मेहता, स०वि०स० <br> श्री अवध बिहारी चौधरी, स०वि०स० <br> श्री भूदेव चौधरी, स०वि०स० <br> श्री समीर कुमार महासेठ, स०वि०स० <br> श्री ललित कुमार यादव, स०वि०स० <br> श्री कुमार सर्वजीत, स०वि०स० <br> श्री चन्द्र शेखर, स०वि०स० <br> श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह, स०वि०स० | "शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक नियुक्ति से संबंधित माननीय उच्च न्यायालय, पटना में रिट याचिका संख्या-सी०डब्लू०जे०सी०-7651/2017, सी०डब्लू०जे०सी०-1035/2018 से उद्त एम०जे०सी० संख्या-3748/2017, एम०जे०सी० संख्या-899/2019 के आलोक में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के विज्ञप्ति संख्या-पी०आर०-373/2019 द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा आयोजन करने हेतु निर्णय लेने के उपरान्त दिनांक-16.12.2019 को प्रतियोगिता परीक्षा लिया गया एवं दिनांक-11.02.2020 को 8386 रिक्त पद के विरूद्ध 3523 सफल अभ्यर्थी की सूची निर्गत की गयी, लेकिन आज तक सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति विभाग द्वारा नहीं की गयी है ।<br><br>अत: उक्त वर्णित प्रतियोगिता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की अतिशीघ्र नियुक्ति हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।" | शिक्षा |

---

**राज कुमार सिंह**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-05/2021- 650 / वि०स०, पटना, दिनांक- 25 फरवरी, 2021 ई० ।

प्रति:-बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यगण / माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रिगण / माननीय मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय, पटना / संसदीय कार्य विभाग / गृह विभाग तथा शिक्षा विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

25/02/2021

**(राज कुमार राम)**
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-05/2021- 650 / वि०स०, पटना, दिनांक- 25 फरवरी, 2021 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं प्रधान आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

25/02/2021

**(राज कुमार राम)**
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

25.2.21